आईटीएम यूनिवर्सिटी और एमपी ऑनलाइन के बीच एमओयू साइन

बी .टेक सीएसई एआई एंड मशीन लर्निंग कार्यक्रम को टीसीएस आईओएन इंडस्ट्री ऑनर्स प्रोग्राम से जोड़ने की पहल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 3 जुलाई। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर और एमपी ऑनलाइन लिमिटेड भोपाल के बीच एमओयू साइन किया गया। तकनीकी शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं, उभरती तकनीकों और रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'बी.टेक सीएसई-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग कार्यक्रम को टीसीएस आईओएन इंडस्ट्री ऑनर्स प्रोग्राम' के साथ प्रभावी रूप से जोड़ने के उद्देश्य से आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा यह पहल की गई है। इस दौरान एमओयू समझौता ज्ञापन पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की ओर से वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय और एमपी ऑनलाइन लिमिटेड भोपाल की ओर से वर्टिकल हेड स्किल एन्हांसमेंट डॉ. आशीष सूद द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों ही संस्थानों के डॉ. वाणी अग्रवाल, निदेषिका आईक्यूएसी, सुश्री शयंती अधिकारी, हैड-डिलीवरी एण्ड कंटेट एमपी ऑनलाईन और वरिष्ठ अधिकारी, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर आदि मौजूद रहे।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर और एमपी ऑनलाइन लिमिटेड भोपाल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होने पर वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर सदैव छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण, नवाचार और उद्योग आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एआई और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में उद्योग के साथ अकादमिक सहयोग छात्र-छात्राओं को भविष्य में प्रतिस्पर्धी तकनीकी परिवेश के लिए तैयार करेगा। यह समझौता संस्थान के छात्र-छात्राओं के लिए तकनीकी दक्षता, नवाचार क्षमता, उद्योग एक्सपोजर और रोजगार संभावनाओं को और अधिक मजबूत करेगा।

स्किल एन्हांसमेंट, डिजिटल लर्निंग और इंडस्ट्री रेडिनेस की दिशा में सशक्त अवसर प्रदान करेगा: डॉ. आशीष सूद

कार्यक्रम के दौरान एमपी ऑनलाइन लिमिटेड भोपाल की ओर से वर्टिकल हेड स्किल एन्हांसमेंट डॉ. आशीष सूद ने कहा कि यह एमओयू छात्र-छात्राओं को स्किल एन्हांसमेंट, डिजिटल लर्निंग और इंडस्ट्री रेडिनेस की दिशा में सशक्त अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि टीसीएस आईओएन इंडस्ट्री ऑनर्स प्रोग्राम छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी दक्षताओं और रोजगारपकर क्षमता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छात्र-छात्राओं को एआई, मशीन लर्निंग, डाटा डिवाइस टेक्नोलॉजी, डिजिटल ट्रांसफेर्मेशन और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञों का मिलेगा परामर्श

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तकनीकी शिक्षा में स्किल इंटीग्रेशन, इंडस्ट्री एलाइनमेंट और एम्प्लॉयबिलिटी एन्हांसमेंट को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित न रखते हुए उन्हें वास्तविक उद्योग आवश्यकताओं, आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म, तकनीकी विशेषज्ञता और भविष्य की कार्य संस्कृति से परिचित कराया जाएगा। इस एमओयू के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा डिवाइस टेक्नोलॉजी, डीजिटल ट्रांसफेर्मेशन और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कंप्यूटिंग जैस उभरते क्षेत्रों में बेहतर शैक्षणिक एवं व्यावहारिक एक्सपोजर प्राप्त होगा। टीसीएस आईओएन मॉड्यूल, व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और कॅरियर केंद्रित कौशल विकास से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

लायंस क्लबों ने 11 डॉक्टर्स, 11 सीए का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 3 जुलाई। डाक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर लॉयंस क्लब ग्वालियर आध्या, आराध्या व अनुभूति द्वारा शहर के प्रतिष्ठित होटल में आयोजित समारोह में 11 डॉक्टर्स तथा 11 सीए का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में लॉयंस क्लब के एसव्हीडीजी सी एस तोमर, पीडीजी नितिन मांगलिक, चीफ एरिया लीडर अजय सप्रा, रीजन चेयरपर्सन राजेश वाटवानी, रीजन चेयरपर्सन सलिल गुप्ता, जोन चेयरपर्सन अजय वाजपेई, जोन चेयरपर्सन अशोक कुमार शर्मा, संरक्षक तथा संस्थापक सदस्य मीनाक्षी गोयल के साक्ष्य में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एच पी गर्ग, डॉ रामबाबू गोयल, डॉ संजय गोयल, डॉ पवन देवलिया, डॉ प्रवीण चिरगैया, डॉ ममता शुक्ला सहित 11 डॉक्टर का शॉल, श्रीफल व प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं दूसरी ओर शहर के प्रतिष्ठित सीए अरविंद गौड़, सीए कविता गर्ग, सीए अंशु भटनागर, सीए श्रुति गर्ग सहित 11 सीए का शॉल, श्रीफल व प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक रीना मित्तल द्वारा ध्वज वन्दना का वाचन तथा विश्व शान्ति हेतु मौन रखा गया। आध्या क्लब की अध्यक्षा अलका अग्रवाल द्वारा अध्यक्षीय स्वागत उद्बोधन किया गया। तीनों क्लब अनुभूति, आध्या व आराध्या की अध्यक्ष क्रमश: अंजू गर्ग, अलका अग्रवाल एवं कल्पना प्रदीप, सचिव व कोषाध्यक्ष द्वारा अतिथिगण का माल्यार्पण व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आध्या क्लब में 6 नवीन सदस्य बनने पर अतिथियों द्वारा आध्या क्लब की प्रशंसा कर नवीन सदस्यों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आराध्या क्लब की अध्यक्षा कल्पना प्रदीप द्वारा तथा आभार प्रदर्शन अनुभूति क्लब का अध्यक्षा अंजू गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर आध्या क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष प्रीति झा, अनुभूति क्लब की अध्यक्ष अंजू गर्ग, सचिव मनु शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम शर्मा, संस्थापक अध्यक्ष मीनाक्षी गोयल, आई पी पी एवं जोन चेयरपर्सन अशोक कुमार शर्मा, आराध्या क्लब की अध्यक्ष कल्पना प्रदीप, सचिव मंजू पाल तथा कोषाध्यक्ष गीता सूर्यवंशी सहित बडी संख्या मे क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 3 जुलाई। अषाढ़ मास के शुभ अवसर पर कम्युनिटी हॉल विवेक विहार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ आज शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति भाव से कॉलोनीयों का भ्रमण किया।

कथा का वाचन परम पूज्य भागवत आचार्य सुश्री गायत्री देवी द्वारा अपने मुखारविंद से श्रोताओं को श्रवण कराएंगी यह कथा प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से 7 तक आयोजित की जाएगी कथा के प्रथम दिवस पर कथा वाचक द्वारा श्रीमद भागवत कथा का महत्व समझाया एवं भागवत की महिमा को समझाया वहीं श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भक्ति रस का आनंद प्राप्त किया आयोजन स्थल पर पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा इस अवसर पर विवेक विहार कॉलोनी युवा समिति के अलावा सभी विवेक विहार निवासी सदस्यगण उपस्थित थे।

हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से माँगा जवाब

6 से शुरू होगा जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का पूर्व-परीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 3 जुलाई। मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों की हालत देखकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट ने स्कूलों की बदहाल स्थिति और शिक्षकों की कमी को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 17 अगस्त तक जवाब मांगा है। यह याचिका सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन द्वारा दायर की गई है।

याचिका पर सुनवाई के दौरान बताया गया है की प्रदेश में स्वीकृत 2.89 लाख शिक्षक पदों में से करीब 1.15 लाख पद खाली हैं इन आंकड़ों का सीधा मतलब ये है की प्रदेश में लगभग 40 शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके अलावा सबसे चौकाने वाली बात ये है की प्रदेश के 1,895 स्कूल ऐसे हैं जहां विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए एक भी नियमित शिक्षक मौजूद नहीं है और काम अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा। याचिका में स्कूलों में मौजूद

▶ प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था का मामला

बुनियादी सुविधाओं की स्थिति भी बेहद चिंताजनक बताई गई है। प्रदेश में मौजूद लगभग 5,000 स्कूल जर्जर भवनों में चल रहे हैं इनमे से 3,400 स्कूल ऐसे है जहां शौचालय भी मौजूद नहीं है और लगभग 59,000 स्कूल ऐसे है जहां कंप्यूटर जैसी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा कई ऐसे स्कूल है जहां पेयजल और बिजली जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है।

याचिका में कहा गया है की प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था इस समय बेहद संकट से गुजर रही है जिसका सीधा असर प्रदेश में मौजूद लाखों विद्यार्थियों की शिक्षा पर पड़ रहा है। याचिका में ये भी दाबा किया गया है की सुविधाओं के आभाव के कारण पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 22 लाख से ज्यादा कम हुई है और विद्यार्थियों को मजबूरन शिक्षा के लिए प्राइवेट स्कूलों में दाखिला लेना पड़ रहा है। याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 17 अगस्त तक सरकार से शिक्षकों की भर्ती और सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

आम सूचना

श्रीमती जवीता जाटव पत्नी श्री राजपाल जाटव एवं श्रीमती भूरी जाटव पत्नी श्री दिलीप जाटव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित एम.एस.रोड से दूर, ग्राम रिठौनिया, प.ह.नं.18 (नया) एवं 39 (नया), प.ह.नं.02 कैलारस, ब्लॉक-कैलारस, तहसील कैलारस एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.288/1/1/1 ग्राम रिठौनिया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूमि कुशवाह, पश्चिम में रास्ता 16 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूमि दीगर एवं दक्षिण में-भूखण्ड गोपाल जाटव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती गीता पत्नी श्री शिव सिंह, श्री संतोष पुत्र श्री निहाल सिंह, श्री किंदर पुत्र श्री मदनू, श्रीमती कोकी पत्नी स्व. श्री समंत, श्री निहाल, श्री पीतम, श्री महेश एवं श्री रूप सिंह पुत्रगण श्री समंत, त्रिवेणी एवं सरोज पुत्रियां श्री समंत के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री निहाल सिंह धाकड़ द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती जवीता जाटव पत्नी श्री राजपाल जाटव एवं श्रीमती भूरी जाटव पत्नी श्री दिलीप जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25832021ए1576380 दिनांक 14.07.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती जवीता जाटव एवं श्रीमती भूरी जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मैसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.- भवन क्र.52, कैलाश विहार
फैडरल बैंक के बगल में
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती बबीता गौड़ पत्नी श्री मगनदीप गौड़ के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम कैलारस, तहसील कैलारस एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.244/2/1/1 ग्राम कैलारस का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 570 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भवन रामदयाल गौड़,पश्चिम में भवन प्रदीप गौड़, उत्तर में रास्ता 18 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में भवन अजीत श्रीवास है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री चिरौंजी लाल सिंघल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री दिनेश कुमार द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अशोक कुमार गौड़ पुत्र श्री रामदयाल गौड़ को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25832017ए1502254 दिनांक 31.08.2017 से विक्रय की गई। श्री अशोक कुमार गौड़ द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती बबीता गौड़ पत्नी श्री मगनदीप गौड़, श्री बिजेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री उदल सिंह यादव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25832022ए1193993 दिनांक 24.02.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती बबीता गौड़ द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री मिथलेश गौड़ पत्नी श्री अशोक कुमार गौड़ के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री मिथलेश गौड़ द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मैसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- नीरज जैन (एडवोकेट)
कार्या.- भवन क्र.52, कैलाश विहार
फैडरल बैंक के बगल में
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

समस्त चराचर जगत का सनातन बीज परमात्मा ही हैं : डॉ. तिवारी

ग्वालियर, 3 जुलाई। विश्वगीताप्रतिष्ठानम् और वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान (कम्पू) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय 'गीता ज्ञान यज्ञ सप्ताह (चतुर्थ चरण)' के तीसरे दिन मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. विष्णु नारायण तिवारी ने गीता के सातवें अध्याय 'ज्ञान-विज्ञान योग' की तात्त्विक व्याख्या की। आचार्य तिवारी ने कहा कि सृष्टि के कण-कण में परम चेतना विद्यमान है। जब मनुष्य हर जीव में ईश्वर को देखना शुरू कर देता है, तभी उसका जीवन आध्यात्मिक बनता है। सात जुलाई को पूर्णाहुति कार्यक्रम में प्रख्यात गणितज्ञ व साहित्यकार अलकेश त्रिपाठी, महावीर प्रसाद दुबे, रत्ना कपूर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष इंजी. एस. के. गुप्ता ने बताया कि यह ज्ञानयज्ञ प्रतिदिन सायं 3:00 से 6:00 बजे तक चल रहा है, जिसका समापन 7 जुलाई को अखंड गीता पाठ, हवन और पूर्णाहुति के साथ होगा।

'सेफ क्लिक 2.0' अभियान : स्कूलों से धार्मिक स्थलों तक दिया साइबर सुरक्षा का मंत्र

ग्वालियर, 3 जुलाई। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों को देखते हुए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत ग्वालियर पुलिस ने जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन और अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा के मार्गदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर हजारों नागरिकों और छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचने के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए। एसडीओपी डबरा सौरव कुमार एवं थाना प्रभारी उनि. शिवम राजावत ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया स्कैम, फर्जी एपीके फाइल और फ्री फायर/पबजी जैसे गेमों में फ्री डायमंड के लालच से होने वाली ठगी के बारे में समझाया। कंपू (के.आर.जी. कॉलेज): थाना प्रभारी निरी. अमर सिंह सिकरवार ने करीब 300 छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड स्कैम और ओटीपी शेयरिंग के खतरों के प्रति सचेत किया और पेम्पलेट बांटे। मोहना (उमर फारूकी मस्जिद): उपनिरीक्षक श्री सरनाम सिंह ने धार्मिक स्थल पर उपस्थित नागरिकों को बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी, केवाईसी अपडेट और निवेश के नाम पर होने वाले फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील की।

आज होगी साइबर जागरूकता मैराथन, सुरक्षित डिजिटल भारत का देंगे संदेश

ग्वालियर, 3 जुलाई। मध्यप्रदेश पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत ग्वालियर पुलिस आज सुबह 6 बजे जिला खेल परिसर, कम्पू से साइबर जागरूकता मैराथन आयोजित करेगी। मैराथन का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है। लगभग 3-4 किमी की इस मैराथन में विजेताओं को 5,000, 3,000 और 2,000 के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि चौथे से दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को 1,000 प्रति प्रतिभागी मिलेगा। साथ ही सबसे पहले रिपोर्ट करने वाले 500 प्रतिभागियों को रोटरी क्लब ग्वालियर की ओर से नि:शुल्क 'सेफ क्लिक 2.0' टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। आयोजन में भारत विकास परिषद, शाखा ऋषि गालव एवं रोटरी क्लब ग्वालियर का सहयोग रहेगा।

विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 04191/04192 ग्वालियर जं.-रीवा-ग्वालियर जं. विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

गाड़ी संख्या 04191/04192 ग्वालियर जं.-रीवा-ग्वालियर जं. विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या 04191 ग्वालियर जं.-रीवा			गाड़ी संख्या 04192 रीवा-ग्वालियर जं.	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
बुधवार	07:40	ग्वालियर जंक्शन	09:40	गुरूवार
08:12	08:14	डबरा	08:05	08:07
08:38	08:40	दतिया	07:40	07:42
09:10	09:15	वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी	07:00	07:10
09:49	09:51	निवाड़ी	05:23	05:25
10:16	10:18	मऊरानीपुर	04:43	04:45
10:36	10:38	हरपालपुर	04:20	04:22
11:23	11:25	महोबा जंक्शन	03:30	03:32
12:35	12:40	बांदा जंक्शन	02:15	02:20
13:18	13:20	अतर्रा	01:15	01:17
14:15	14:17	चित्रकूट धाम कर्वी	00:38	00:40
16:50	16:52	टिकरिया	23:23	23:25
17:20	17:22	मझगवां	23:03	23:05
17:58	18:00	जैतवार	22:38	22:40
18:30	18:35	कैमा	21:50	21:55
19:40	बुधवार	रीवा	बुधवार	21:00

• **ग्वालियर जंक्शन से** - गाड़ी संख्या 04191 दिनांक : 08.07.2026 से 25.11.2026 तक प्रत्येक बुधवार (दिनांक 22.07.2026 को छोड़कर) • **रीवा से** - गाड़ी संख्या 04192 दिनांक : 08.07.2026 से 25.11.2026 तक प्रत्येक बुधवार (दिनांक 22.07.2026 को छोड़कर) • **गाड़ी संरचना** - वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी - 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02, सामान्य श्रेणी - 04, स्लीपर श्रेणी - 07

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1527/26 (C)

आम सूचना

श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री प्रीतम सिंह बघेल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित एस.डी.एम. पुरानी कॉलोनी लाईन, शांतिनगर बंद मौहल्ला, ग्राम जैतपुर नूराबाद, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.07 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.137/मिन-3 ग्राम जैतपुर नूराबाद का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 920 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में रास्ता आम 18 फुट चौड़ा, पश्चिम में भूखण्ड श्री कमल शिवहरे, उत्तर में भूखण्ड श्री लाखन बघेल एवं दक्षिण में भूखण्ड श्री लाखन बघेल है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामदीन सिंह पुत्र श्री अंगदराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामदीन सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री प्रीतम सिंह बघेल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792019ए1584819 दिनांक 19.08.2019 से विक्रय की गई। श्रीमती कमला देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.- भवन क्र.52, कैलाश विहार
फैडरल बैंक के बगल में
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री ओमप्रकाश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.296, स्थित कराना कुम्हार वाली गली, गणेशपुरा, ग्राम शिकारपुर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.33 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.44/7 ग्राम शिकारपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1020 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में सम्पत्ति श्री राकेश, पश्चिम में-सम्पत्ति श्री द्वारिका जी, उत्तर में-गली एवं दक्षिण में-गली है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामदयाल पुत्र श्री जालिम एवं श्री महादेवा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामदयाल द्वारा सम्पत्ति 480 वर्गफुट एरिया श्री दामोदर पुत्र श्री रामस्वरूप को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2596 दिनांक 23.12.1985 से विक्रय की गई। श्री महादेवा द्वारा सम्पत्ति 551.25 वर्गफुट एरिया श्री मुकेश एवं श्री कल्लू पुत्रगण श्री रूप सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2094 दिनांक 10.08.1992 से विक्रय की गई। श्री दामोदर, श्री मुकेश एवं श्री कल्लू द्वारा सम्पत्ति 1031.25 वर्गफुट एरिया श्रीमती रामकली देवी पत्नी श्री सोनेराम सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.922 दिनांक 06.09.2013 से विक्रय की गई। श्रीमती रामकली देवी द्वारा मैसर्स कुशवाह ट्रेडर्स प्रो. श्री राम नरेश सिंह पुत्र श्री सोनेराम के लिये ऋण सुविधा के संबंध में व्यवसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक लिमिटेड मुरैना के हित में उक्त सम्पत्ति को बंधक रखा था। उधारकर्ता उक्त बैंक को ऋण चुकाने में विफल रहे, तत्पश्चात् आवश्यक औपचारिकताओं के बाद व्यवसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक लिमिटेड मुरैना जर्ये प्राधिकृत अधिकारी श्री अर्जुन सिंह परिहार पुत्र श्री गजे सिंह परिहार द्वारा श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री ओमप्रकाश के हित में ई-रजिस्टर्ड सेल सर्टिफिकेट क्र.एमपी27आईजीआर 17912025 ए100182471 दिनांक 29.03.2025 को सम्पादित किया गया एवं श्रीमती राजकुमारी को सम्पत्ति का कब्जा सौंप दिया गया एवं श्रीमती राजकुमारी द्वारा भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेखों दिनांक 23.12.1985 एवं दिनांक 10.08.1992 की मूलप्रतियां गुम हो गई है। श्रीमती राजकुमारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती सरोज परिहार पत्नी श्री राधेश्याम परिहार के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती सरोज द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेखों दिनांक 23.12.1985 एवं दिनांक 10.08.1992 की मूलप्रतियां प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.- भवन क्र.52, कैलाश विहार